कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांकः 08.04.2025

विषयः 01 नफर वाहन चोर थाना लंका पुलिस द्वारा गिरफ्तार, कब्जे से चोरी का टोटो (इ-रिक्शा) बरामद ।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय कमिश्नरेट वाराणसी द्वारा वाराणसी क्षेत्र में चोरी की घटनाओं की रोकथाम एवं चोरी गए माल की बरामदगी तथा चोरों की यथाशीघ्र गिरफ्तारी हेतु दिये गये निर्देशों के अनुपालन में पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देशन में व अपर पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी व सहायक पुलिस आयुक्त भेलूपुर के मार्गदर्शन एवं प्रभारी निरीक्षक लंका शिवाकान्त मिश्र के कुशल नेतृत्व में दिनांक 08.04.2025 को अभियुक्त संतोष s/o उमाशंकर पता घसियारी टोला दुर्गाकुण्ड थाना भेलूपुर वाराणसी उम्र करीब 19 वर्ष को रविन्द्रपुरी पेट्रोल पम्प के पास से गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से चोरी का टोटो बरामद हुआ । अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

घटना विवरणः-

दिनाक 02.04.2025 को शिकायतकर्ता द्वारा थाना स्थानीय पर एक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया कि दिनांक 26.03.2025 की रात्रि में उनका टोटो जो बाबा औषधि केन्द्र लंका में खड़ा था किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया है। प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत करते हुए माल मुल्जिमान की तलाश प्रारम्भ की गयी। तलाश एवं दबिश के क्रम में दिनांक 08.04.2025 को अभियुक्त संतोष पुत्र उमाशंकर पता घसियारी टोला दुर्गाकुण्ड थाना भेलूपुर वाराणसी के कब्जे से चोरी गया टोटो बरामद हुआ जिसके आधार पर अभियुक्त को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

पंजीकृत अभियोग-

1. मु0अ0सं0 0111/2025 धारा 303(2) बी0एन0एस0 थाना लंका, कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम-पता-

1. संतोष s/o उमाशंकर पता घसियारी टोला दुर्गाकुण्ड थाना भेलूपुर वाराणसी उम्र करीब 19 वर्ष ।

गिरफ्तारी का दिनांक व घटनास्थल - दिनांक घटना 08.04.2025 को रविन्द्रपुरी पेट्रोल पम्प के पास, थाना लंका, कमि0 वाराणसी

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम

1. प्रभारी निरीक्षक श्री शिवाकान्त मिश्र, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी ।
2. उ0नि0 अनुज कुमार सिंह, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
3. का0 हरिभवन, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
4. का0 महेश कुमार, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त कार्यालय
जोन-काशी कमिश्नरेट वाराणसी